# ITBP स्थापना दविस 2024

**[स्रोत: PIB]**

हाल ही में प्रधानमंत्री ने **भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)** के हिमवीरों और उनके परिवारों को ITBP स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दीं। ITBP गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक **केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल** है।

- इसकी **स्थापना 24 अक्तूबर, 1962** को **भारत - चीन युद्ध** के दौरान की गई थी और यह एक सीमा सुरक्षा पुलिस बल है जो उच्च ऊँचाई वाले अभियानों में विशेषज्ञता रखता है।
    - वर्ष 2004 में, केंद्र की **"एक सीमा एक बल"** सिफारिश के आधार पर, **लद्दाख में काराकोरम दर्रे से अरुणाचल प्रदेश में जचेप ला तक** संपूर्ण 3,488 किलोमीटर **भारत-चीन सीमा** को ITBP को सौंप दिया गया था।
    - इसके बाद ITBP ने सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में **असम राइफल्स** से सीमा सुरक्षा का कार्यभार संभाला।
- **आदर्श वाक्य: "शौर्य-दृढ़ता-कर्म निष्ठा"।**
- वर्तमान में यह **जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश** में तैनात है।
- ITBP **हिमालयी क्षेत्र** में **प्राकृतिक आपदाओं के लिये 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्त्ता' के रूप में राहत और बचाव अभियान** भी संचालित करता है।

# केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF)

***केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) में गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाले भारत के सात सुरक्षा बल शामिल हैं।***

## असम राइफल्स (AR)

- **स्थापना:** वर्ष 1835, मिलिशिया के रूप में जिसे 'कछार लेवी' के नाम से जाना जाता था।
  - **पूर्ववर्ती उद्देश्य:** ब्रिटिश चाय बागानों की रक्षा करना।
- **वर्तमान उद्देश्य:**
  - उत्तर पूर्वी क्षेत्रों (NER) में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाना।
  - भारत-चीन और भारत-म्याँमार सीमाओं पर सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- **महत्त्वपूर्ण भूमिका:**
  - भारत-चीन युद्ध, 1962
  - श्रीलंका के लिये भारतीय शांति रक्षा सेना (IPKF) (1987) के रूप में।

***आदिवासी इलाकों से लंबे जुड़ाव के कारण असम राइफल्स को 'उत्तर पूर्व का मित्र' भी कहा जाता है***

## सीमा सुरक्षा बल (BSF)

- **स्थापना:** वर्ष 1965
- **उद्देश्य:**
  - पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के साथ भूमि सीमाओं को सुरक्षित करना।
  - साथ ही कश्मीर घाटी में घुसपैठ की समस्याओं को रोकना।
  - उत्तर पूर्वी क्षेत्रों (NER) में उग्रवाद का मुकाबला करना।
  - ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान चलाना।
- **विंग:** एयर विंग, समुद्री विंग, आर्टिलरी रेजीमेंट और कमाण्डो यूनिट्स।

***सीमा सुरक्षा बल (BSF) भारत का पहला लाइन ऑफ़ डिफेंस और विश्व का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है***

## केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)

- **स्वतंत्रता-पूर्व स्थापना:** वर्ष 1939 (क्राउन रिप्रेज़ेंटेटिव्स पुलिस)।
- **स्वतंत्रता के पश्चात्:** वर्ष 1949 - CRPF अधिनियम के तहत, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के रूप में नामित किया गया।
- **उद्देश्य:** भीड़ नियंत्रण, दंगा नियंत्रण, काउंटर मिलिटेंसी/उग्रवाद संचालन, आदि।

***CRPF आंतरिक सुरक्षा के लिये प्रमुख केंद्रीय पुलिस बल है***

## भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)

- **स्थापना:** वर्ष 1962।
- **उद्देश्य:**
  - काराकोरम दर्रे (लद्दाख) से जचेप ला (अरुणाचल प्रदेश) तक सीमा पर तैनात (भारत-चीन सीमा का 3488 कि.मी. कवर करती है)।
  - भारत-चीन सीमा के पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में 9000 फीट से 18700 फीट की ऊँचाई पर स्थित सीमा चौकियों की निगरानी।

***ITBP एक विशेष पर्वतीय सैन्य बल है; जिसे प्राकृतिक आपदाओं का प्रथम प्रतिक्रियाकर्त्ता कहा जाता है***

## राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG)

- **स्थापना:** वर्ष 1984 (1986 में अस्तित्व में आया), **ऑपरेशन ब्लू स्टार** के पश्चात्।
- **उद्देश्य:** आतंकवाद-रोधी इकाई/संघीय आकस्मिक बल।
- **टास्क ओरिएंटेड फोर्स- दो पूरक शाखाएँ:**
  - स्पेशल एक्शन ग्रुप (SAG)।
  - स्पेशल रेंजर ग्रुप (SRG)।

## सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- **स्थापना:** वर्ष 1963
- **उद्देश्य:**
  - भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं की रक्षा करना।
  - सीमा सुरक्षा बढ़ाना, सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाना, अनधिकृत प्रवेश/निकास को रोकना, तस्करी रोकना, आदि।

## केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)

- **स्थापना:** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के तहत।
- **उद्देश्य:** महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

***CISF एक विशेष फायर विंग वाली एकमात्र CAPF यूनिट है***

Drishti IAS

**और पढ़ें:** भारत की सीमा और उसका प्रबंधन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/itbp-foundation-day-2024